# नवभारत
राष्ट्रीयता की प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण


4 कांवड़ यात्रा में नाम बताने से परहेज क्यों?


5 मुर्मु ने डूरंड कप टूर्नामेंट का किया अनावरण


8 भारत ने भारोत्तोलन में जीता रजत पदक


9 यूपीएस पर भी अब मिलेगा टैक्स लाभ

# राशि के बजाय लैपटॉप देगी सरकार

## सीएम मोहन बोले-लैपटॉप के लिये मिली राशि को दूसरे काम में खर्च कर देते हैं लाभार्थी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 4 जुलाई. राज्य सरकार 12वीं की परीक्षा में 75 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि देती है, लेकिन इस राशि का कई बार विद्यार्थी या परिजन लैपटॉप खरीदने के बजाय किसी दूसरे ही काम में खर्च कर देते हैं. इसे देखते हुए अब राज्य सरकार अगले वर्ष से विद्यार्थियों को 25 हजार रुपए की राशि देने के बजाय लैपटॉप खरीदकर देगी.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में लैपटॉप प्रोत्साहन राशि अंतरण के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए इस संबंध में घोषणा की. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार देखने में आया है कि लैपटॉप के लिये मिलने वाली राशि का लाभार्थी दूसरे कामों में खर्च कर देते हैं. ऐसे में अब हम अगले वर्ष से सीधे अच्छी कंपनी के लैपटॉप ही मेधावी छात्रों को देंगे. उन्होंने कहा कि अब मप्र सरकार स्कूली बच्चों को साइकिल देने वाली है. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले प्रदेश के 94,234 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 235 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की. योजना के तहत लैपटॉप खरीदने के लिए प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को 25-25 हजार रुपये डीबीटी के जरिए उनके बैंक खातों में सिंगल क्लिक के जरिए हस्तांतरित किये गये. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अगले साल से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के स्थान पर 25 हजार रुपए मूल्य के और अधिक गुणवत्ता वाले अपडेटेड लैपटॉप देने की घोषणा की. मुख्यमंत्री ने मंच से 15 मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप भी वितरित किए. मुख्यमंत्री ने खुद सेल्फी लेकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया.

( शेष पेज 12 पर )



**दो साल में पचास मेडिकल कॉलेज होंगे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए अनेक निर्णय लिए हैं. नये मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं, इस वित्त वर्ष के अंत तक प्रदेश में 36 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे. अगले 2 साल में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 50 तक पहुंचाने का हमारी सरकार का लक्ष्य है. विद्यार्थी किसी भी कोर्स की पढ़ाई करना चाहें, सरकार सदैव उनके साथ खडी है.

# शाह ने पुणे में थोरेल बाजीराव की प्रतिमा का किया अनावरण



**पुणे, 04 जुलाई. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को खड़कवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी ( एनडीए ) में थोरेल बाजीराव पेशवा की प्रतिमा का अनावरण किया.**

शाह ने बाजीराव की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा, पूरे 20 साल के कालखंड में बाजीराव पेशवा जी को घोड़े से नीचे उतरते हुए किसी ने नहीं देखा। उन्होंने कहा सबसे उत्कृष्ट उदाहरण 500 साल के भारतीय इतिहास में श्रीमंत बाजीराव पेशवा जी में ही मिल सकता है। बाजीराव पेशवा जी ने 20 साल में 41 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि पराजय को पूरे जीवन अपने नज़दीक न आने देने वाले बाजीराव पेशवा जी जैसे वीर सेनानी की प्रतिमा लगाने का सबसे उचित स्थान एनडीए अकादमी ही हो सकता है। पेशवा बाजीराव के स्मारक के लिए सबसे उपयुक्त स्थान खडकवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी है, जहां तीनों सेनाओं के सैनिक प्राथमिक प्रशिक्षण लेते हैं. प्रतिमा के अनावरण के मौके पर मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री अजित पवार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चन्द्रकांत पाटिल और केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर माहोल तथा अन्य मंत्री उपस्थित थे.

राज्य सभा सांसद मेधा कुलकर्णी ने मांग की है कि पुणे रेलवे स्टेशन का नाम महान थोरेल बाजीराव पेशवा के नाम पर रखा जाए. गौरतलब है कि थोरेल बाजीराव पेशवा 1720 से 1740 के बीच छत्रपति शाहू प्रथम के अधीन पेशवा थे और उन्हें उनकी सैन्य शक्तियों के साथ-साथ मराठा साम्राज्य के विस्तार के लिए भी जाना जाता है.

## एक नजर में



### ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने तीन मोर्चों पर दी चुनौती

**नई दिल्ली.** भारतीय सेना के उपसेनाप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने एफआईसीसीआई (भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ) के एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सिर्फ पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन और तुर्की से भी अप्रत्यक्ष रूप से लड़ाई लड़ी. उन्होंने कहा पाकिस्तान को 81 प्रतिशत हथियार चीन से मिल रहे थे, और चीन उन्हें परीक्षण की तरह भारत की सीमा पर आज़मा रहा था. उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर की बातचीत हो रही थी, उस समय भी चीन पाकिस्तान को भारतीय गतिविधियों की सीधी जानकारी दे रहा था. उपसेनाप्रमुख ने कहा कि भारत को अब मजबूत वायु रक्षा प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध कौशल, और सूचना सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में तेजी से तैयारी करनी होगी.

### उपभोक्ता हेल्पलाइन ने दो माह में दिलाया रिफंड

**नयी दिल्ली.** उपभोक्ता मामलों के विभाग ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का शीघ्र निपटारा करते हुए पिछले दो महीनों में उपभोक्ताओं को 7 करोड़ 14 लाख रूपये की राशि लौटाने में मदद की है. उपभोक्ता मामले,खाद्य और जन वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि 15 हजार 426 उपभोक्ताओं की ये शिकायतें 30 विभागों से जुड़ी थी. ये शिकायतें 25 अप्रैल से 30 जून के बीच दर्ज की गयी थी. इनमें से सबसे अधिक आठ हजार 919 शिकायतें ई-कॉमर्स क्षेत्र की थी और इनके समाधान से उपभोक्तओं को तीन करोड़ 69 लाख रूपये की राशि का भुगतान किया गया.

### आत्मसमर्पित नक्सली की बेटी बनेगी डॉक्टर

**सुकमा.** छत्तीसगढ़ में आत्मसमर्पण कर चुके नक्सली रमेश कुंजाम की बेटी संध्या ने इस साल नीट की परीक्षा पास कर 265 अंक हासिल किए हैं. मेडकिल कॉलेज में दाखिले को लेकर उसका चयन काउंसिलिंग के लिए भी हो गया है.जिलाधिकारी देवेश कुमार ध्रुव नेबताया कि नीट परीक्षा सुकमा जिले के 43 बच्चों ने पास की है. इनमें से इस बार चार से पांच बच्चों का चयन एमबीबीएस के लिए मेडिकल कॉलेज में होने की संभावना है. उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सली रमेश कुंजाम की बेटी ने इस साल नीट की परीक्षा पास कर 265 अंक हासिल किए हैं. मेडकिल कॉलेज में दाखिले को लेकर उनका चयन काउंसिलिंग के लिए भी हो गया है. दरअसल पूर्व नक्सली रमेश कुंजाम ने 2002 में नक्सलवाद छोड़कर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था.

## गुस्ताखी माफ




# मंदिर पक्ष को बड़ा झटका

- मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह का विवाद
- ईदगाह मस्जिद को 'विवादित' कहने से हाईकोर्ट का इनकार

**प्रयागराज, 4 जुलाई. मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मंदिर पक्ष को बड़ा झटका दिया है. अदालत ने वह अर्जी खारिज कर दी है जिसमें मंदिर पक्ष ने मांग की थी कि आगे की सभी कानूनी कार्यवाहियों में ईदगाह मस्जिद को विवादित संरचना के रूप में संदर्भित किया जाए.**

यह याचिका मंदिर पक्ष की ओर से अधिवक्ता महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा दाखिल की गई थी. उन्होंने तर्क दिया था कि जब तक मामले का अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, तब तक न्यायिक और प्रशासनिक दस्तावेजों में शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित संरचना कहा जाए. उनका कहना था कि इससे कानूनी स्थिति स्पष्ट होगी और पक्षपात की संभावना नहीं रहेगी. अदालत ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया. हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐसे किसी विशेष लेबल को पूर्व में स्वीकार करना न्याय प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है और निष्पक्ष सुनवाई के सिद्धांत के विपरीत होगा.



# एनटीए ने सीयूईटी यूजी 2025 का परिणाम जारी

**नयी दिल्ली, 04 जून ( वार्ता )** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी यूजी) 2025 का परिणाम जारी किया. परीक्षा का स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है और छात्र अपने एप्लिकेशन नंबर और जन्मतिथि की मदद से अपना परिणाम देख सकते हैं. सीयूईटी यूजी 2025 की परीक्षा इस बार 13 मई से चार जून तक पूरे देश के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की गयी. इस परीक्षा में 13 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और परिणामों का उपयोग 243 प्रतिभागी विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिये किया जाएगा.

# पूनिया नौसेना की पहली फाइटर पायलट

## एडमिरल जनक बेवली ने प्रतिष्ठित 'विंग्स ऑफ गोल्ड' पुरस्कार से किया सम्मानित

**नयी दिल्ली 04 जुलाई .सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया ने नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट होने का गौरव हासिल किया है. नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि विशाखापत्तनम स्थित नौसैनिक एयर बेस पर दूसरे बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स के पूरा होने के बाद गुरूवार को उन्हें यह गौरव हासिल हुआ.**

इस कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए लेफ्टिनेंट अतुल कुमार और सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को सहायक नौसेना प्रमुख (वायु) रियर एडमिरल जनक बेवली ने प्रतिष्ठित 'विंग्स ऑफ गोल्ड' पुरस्कार से सम्मानित किया. सब लेफ्टिनेंट पूनिया नौसेना विमानन की फाइटर स्ट्रीम में शामिल होने वाली पहली महिला हैं. इससे नौसेना में महिला फाइटर पायलटों के एक नए युग का मार्ग प्रशस्त हुआ है.

नौसेना में टोही विमानों और हेलीकॉप्टरों में पायलट तथा नौसेना वायु संचालन अधिकारियों के रूप में पहले से ही महिला अधिकारी काम कर रही हैं. नौसेना ने सब लेफ्टिनेंट पूनिया की इस उपलब्धि की जानकारी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में भी दी है. पोस्ट में लिखा है , नौसेना विमानन में एक नया अध्याय.



# अगले सप्ताह से शुरू होगा हज-2026 के लिए आवेदन : रिजिजू

**नयी दिल्ली,04 जुलाई.** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि हज 2026 की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और एक सप्ताह बाद से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी. रिजिजू ने शुक्रवार को हज समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से कहा,हमने आज से आधिकारिक तौर पर हज 2026 की तैयारियां शुरू कर दी हैं. मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हज 2025 को हाल के इतिहास में सबसे बेहतरीन तरीके से प्रबंधित और सबसे सफल हज यात्राओं में से एक माना जा सकता है. उन्होंने कहा कि पिछले साल और उससे पहले हज यात्रा के दौरान कई घटनाएं देखने को मिली. इस बार 64 लोगों की मौत हुई है और पिछले साल ये आंकड़ा 200 के ऊपर था.

# हाईकोर्ट ने पलटा 25 साल पुराना फैसला

## भोपाल की पुश्तैनी संपत्ति विवाद में सैफ अली खान को बड़ा झटका

**भोपाल, 4 जुलाई. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भोपाल रियासत के नवाब हमीदुल्ला खान की पुश्तैनी संपत्ति के उत्तराधिकार विवाद में ट्रायल कोर्ट के 25 साल पुराने फैसले को रद्द कर दिया है. इस निर्णय से अभिनेता सैफ अली खान और उनके परिवार को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि पूर्व में उनकी परदादी साजिदा सुल्तान को ही इस संपत्ति की वारिस घोषित किया गया था.**

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि ट्रायल कोर्ट ने इस जटिल मामले की सुनवाई में कई महत्वपूर्ण कानूनी पहलुओं पर विचार नहीं किया. इसी कारण कोर्ट ने इसे वापस ट्रायल कोर्ट को भेजते हुए एक वर्ष के भीतर दोबारा सुनवाई पूरी करने और निर्णय सुनाने के निर्देश दिए हैं.

यह मामला नवाब हमीदुल्ला खान के बड़े भाई की वंशज बेगम सुरैया, कमरताज राबिया सुल्तान और अन्य की ओर से दायर याचिका पर आधारित है. याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि संपत्ति का बंटवारा मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार होना चाहिए, न कि नवाबी सिंहासन के उत्तराधिकार से जोड़कर. उन्होंने यह भी कहा कि ट्रायल कोर्ट ने गलत धारणा बना ली थी कि नवाब की सारी निजी संपत्तियाँ राजसिंहासन का हिस्सा हैं और स्वत: ही वारिस को चली जाएंगी.



# अंतरराष्ट्रीय नार्को-आर्म्स मॉड्यूल का भंडाफोड़

**अमृतसर 04 जुलाई.** पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक बड़े ऑपरेशन में एक अंतरराष्ट्रीय नार्को-आर्म्स मॉड्यूल और एक अंतरराज्यीय नार्को-हवाला सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि पहले मामले में, तीन आरोपियों जिनमें से दो हाल ही में मलेशिया से लौटे हैं , को पांच अत्याधुनिक पिस्तौल और एक किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया. वे पंजाब में हथियार पहुंचाने के लिए पाकिस्तान और मलेशिया में मौजूद हैंडलर के निर्देश पर काम कर रहे थे.

# क्रिस गेल के साथ दिखे माल्या व मोदी

- लंदन में शरण लिए दो चर्चित भगोड़े पार्टी करते आए नजर
- दुनियाभर से 300 चुनिंदा मेहमानों को किया आमंत्रित

**नयी दिल्ली, 4 जुलाई. देश छोड़कर लंदन में शरण लिए दो चर्चित भगोड़े विजय माल्या और ललित मोदी एक साथ गाना गाते और पार्टी करते नजर आए. एक वायरल वीडियो में दोनों को मशहूर गायक फ्रैंक सिनात्रा का गीत 'आई डिड इट माई वे' गाते देखा गया. इस महफिल में वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल भी शामिल थे, जिन्होंने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, एक शानदार शाम के लिए धन्यवाद.**

यह पार्टी लंदन में आयोजित की गई थी, जिसमें दुनियाभर से केवल 300 चुनिंदा मेहमानों को आमंत्रित किया गया था.

सोशल मीडिया मंच एक्स पर खुद ललित मोदी ने इस वीडियो को साझा किया, जो अब तेजी से वायरल हो रही है.



गौरतलब है कि विजय माल्या पर 9,000 करोड़ रुपये के लोन डिफॉल्ट का आरोप है और भारत सरकार ने 2019 में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया था. हाल ही में एक पॉडकास्ट में माल्या ने दावा किया कि बैंकों को उनसे 14,000 करोड़ रुपये वसूले जा चुके हैं. उधर, ललित मोदी पर आईपीएल 2009 में वित्तीय हेराफेरी के गंभीर आरोप हैं. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन पर 10.65 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था.

**विदेश यात्रा** | प्रधानमंत्री मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एवं टोबैगो से किया सम्मानित

# त्रिनिदाद में मोदी ने बाँधा भारतीयों से भावनात्मक रिश्ता

**पोर्ट ऑफ स्पेन/नयी दिल्ली, 04 जुलाई. पांच देशों की विदेश यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार देर रात घाना से त्रिनिदाद-टोबैगो पहुंचे. राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन के हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने स्वयं अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया. उन्हें सलामी गारद दी गई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरी गई.**

प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में हजारों भारतीय मूल के नागरिकों ने भाग लिया. होटल परिसर में जमा भारतीय समुदाय ने मोदी का स्वागत और अभिनन्दन किया. प्रधानमंत्री ने वहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बड़ी घोषणा की कि त्रिनिदाद-टोबैगो में भारतीय मूल की छठी पीढ़ी को ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड प्रदान किए जाएंगे. इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एवं टोबैगो से सम्मानित किया गया. प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने मोदी को आज की दुनिया के सबसे प्रशंसित दूरदर्शी नेताओं में एक बताया और कहा कि उनका आगमन केवल औपचारिक यात्रा नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संगम है. मोदी ने अपने संबोधन में भारत और त्रिनिदाद-टोबैगो के 180 वर्षों पुराने संबंधों को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह यात्रा उन मूल्यों की पुनर्स्थापना है जिन्हें भारत सदियों से वसुधैव कुटुम्बकम् के रूप में अपनाता आया है. उन्होंने भारत के डिजिटल, तकनीकी और आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में पहुँचने की ओर अग्रसर बताया. प्रधानमंत्री बिसेसर ने मोदी के 2002 के सांस्कृतिक राजदूत रूपी दौरे को याद करते हुए उनकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता और कोविड काल में वैक्सीन सहयोग के लिए विशेष रूप से आभार प्रकट किया.



प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर स्वामी विवेकानंद की 123वीं पुण्यतिथि पर भावनाएं व्यक्त कीं. लिखा, मैं स्वामी विवेकानंद जी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं. उनके विचार और समाज के लिए उनकी दृष्टि हमारे लिए मार्गदर्शक प्रकाश बनी हुई है. उन्होंने हमारे इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर में गर्व और आत्मविश्वास की भावना जगाई. उन्होंने सेवा और करुणा के मार्ग पर चलने पर भी जोर दिया.

# छत्तीसगढ़ में भूस्खलन से 122 करोड़ की क्षति

**जगदलपुर, 04 जुलाई.** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर रेलवे स्टेशन से 90 किमी दूर विशाखापत्तनम रेल मार्ग पर जरती और मल्लीगुड़ा स्टेशन के मध्य घाट क्षेत्र में करीब 30 हजार क्यूबिक मीटर क्षेत्र में भूस्खलन होने के कारण रेल परिवहन पूरी तरह ठप हो गया है तथा इससे 122 करोड़ की क्षति हुयी है. भूस्खलन के चलते रेल पटरी पर मिट्टी और पत्थर गिरने की वजह से केके लाइन में रेल परिवहन पूरी तरह ठप हो गया है. अगले 24 घंटे में भी इस मार्ग के खुलने की कोई संभावना नहीं है. उक्त रेलमार्ग अवरुद्ध होने से रेलवे को 27 करोड़ तथा एनएमडीसी को 95.58 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है.